# तरंग

## बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल का मासिक ई-न्यूज़लेटर

### माह नवम्बर 2023

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर महाविद्यालय परिवार द्वारा वृद्धाश्रम में सम्पर्क
















1.10.2023

# विश्व वृद्धजन दिवस










**विश्व वृद्धजन दिवस अवसर पर उच्च शिक्षा के पूर्व अतिरिक्त संचालक डा एच के तिवारी महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डा इंदूप्रभा तिवारी एवं महाविद्यालय के चौकीदार श्री मनोहर लाल सोनी का शाल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान|**

# एन सी सी द्वारा नुक्कड नाटक






**स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत नवलय के अध्यक्ष श्री राकेश जी जैन के आतिथ्य में एन सी सी द्वारा नुक्कड नाटक द्वारा जागरुकता**

# 'नवलय' से एम ओ यू के अंतर्गत गरबा कार्यशाला में महाविद्यालय परिवार की सहभागिता










**नवलय गतिविधि**

## 2 केन्द्रों में गरबा का प्रशिक्षण प्रारम्भ
## भेल महाविद्यालय में भी प्रदर्शन

नवलय—नवांकुर गरबा कार्यक्रम के लिये गत 24 सितम्बर को भोपाल दो प्रशिक्षण केन्द्रों का शुभारम्भ हुआ। अवन्तिका क्लब अरेरा कालोनी व शक्ति भवन, शक्तिनगर भेल भोपाल के इन प्रशिक्षण केन्द्रों में सैकड़ों प्रतिभागी निरन्तर अलग अलग बैच में गरबा का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसी कम में 5 अक्टूबर को भेल के बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में टीचिंग स्टाफ एवं विद्यार्थियों को गरबा करने का प्रशिक्षण व डिमान्स्ट्रेशन दिया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय जैन सहित नवलय के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार जैन उपस्थित रहे। गरबा प्रशिक्षण के लिये स्टेपअप डान्स अकादमी अहमदाबाद का 5 सदस्यीय दल श्री करण प्रियदर्शी के नेतृत्व में भोपाल आया है जो लगभग एक माह तक रहकर सम्पूर्ण प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का संचालन करेगा। गरबा का मुख्य समारोह 19 से 22 अक्टूबर 2023 को सुभाष खेल मैदान, शक्तिनगर भोपाल में होगा। जिसमें आर्केस्ट्रा भोपाल के प्रसिद्ध नवांकुर ग्रुप का होगा। गरबा कार्यक्रम सोद्देश्य रहे इसलिये इसे दो दिन के दौरान दो महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को समर्पित किया जा रहा है — पृथ्वी (यानि पर्यावरण, पेड़, पशु—पक्षी, पानी व प्रदूषण नियंत्रण) का संरक्षण व परिवार व्यवस्था (यानि हमारी भाषा, भूषा, भोजन, भेषज, भजन, भवन इत्यादि) का संरक्षण। ■

5.10.2023

# पिंक एंड रीड

## अच्छी पुस्तकें पढ़ने के शौकीन हैं, तो एक बार जरूर जाइए..!

# भेल कालेज में पिंक एंड रीड का अभिनव प्रयोग

भोपाल,ईएमएस।

यदि आपको पढ़ने-लिखने का शौक है, तो एक बार भोपाल भेल के शासकीय बाबूलाल गौर पीजी (स्नातकोत्तर) कॉलेज जरूर जाइए। भेल कालेज में प्राध्यापकों के सहयोग से पिक एंड रीड (चुनो और पढ़ो) अभिनव एवं अनोखे अभियान की शुरुआत की गई है। जिसमें कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थी यहां से पुस्तक घर ले सकता है। घर में बेकार रखी अनमोल जीवनपयोगी पुस्तकों को कॉलेज में डोनेट कर इस अभिनव अभियान में सहभागी बन सकता है।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय जैन बताते हैं कि पिक एंड रीड (चुनो और पढ़ो) अभिनव अभियान की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कॉलेज के प्रवेश द्वार पर लगाए गए स्टाल पर नई पुस्तकें आते ही विद्यार्थियों की भीड़ लग जाती है। वे कहते हैं कि पिक एंड रीड अभियान सकारात्मक-रचनात्मक पहल है। जिससे विद्यार्थियों के साथ कॉलेज आने वाला हर वो आगंतुक, जो पढ़ने का शौक रखता है, प्रभावित हो रहा है। तथा कॉलेज के विषयों के साथ दुनिया के प्रसिद्ध लेखकों की साहित्य, राजनीति, अर्थशास्त्र, विज्ञान, धर्म, दर्शन और




मोटीवेशनल पुस्तकें पढ़ने का अवसर पा रहा है। इसके साथ पिक एंड रीड अभियान उन विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित हो रहा है, जो पुस्तकें खरीदकर पढ़ने में सक्षम नहीं हैं।

### दान में मिल चुकी हैं दो हजार पुस्तकें

प्राचार्य डॉ जैन बताते हैं कि अभियान के तहत शहर के तमाम बुद्धिजीवियों एवं साहित्य सेवियों द्वारा अब तक 2000 से ज्यादा विभिन्न विषयों की पुस्तकें कॉलेज को दान में दी गई हैं और यह सिलसिला लगातार चल रहा है। दान में मिलने के बाद

### पिंक एंड रीड में हर कोई बन सकता सहभागी

प्राचार्य डॉ जैन कहते हैं कि कॉलेज के पिक एंड रीड (चुनो और पढ़ो) अभियान में शहर का हर नागरिक, जो ज्ञान दान देना चाहता है-नया ज्ञान लेना चाहता है अपनी सहभागिता निभा सकता है। वह अपने घर में या फिर आसपड़ोस के घरों में रखी अनुपयोगी पुस्तकों को कॉलेज में डोनेट कर सकता हैं। वे कहते हैं कि अभी ज्यादातर लोगों के घरों में कोर्स या विभिन्न विषयों की पुरानी महंगी पुस्तकें या तो धूल खाती है या फिर रद्दी समझकर कबाड़ में बेच दी जाती हैं। जो पुस्तकें मनुष्य के जीवन को बदल सकती हैं, उन्हें इस तरह से फेंकना या बेचना एक तरह से ज्ञान का अपमान है।

इन पुस्तकों की सील लगाकर नंबरिंग की जाती है। ताकि पता चल सके कि अब तक कितनीं पुस्तकें शहर के लोगों द्वारा डोनेट की गई हैं।

8.10.2023 **एक्सप्रेस न्यूज**

---

बाबूलाल गौर कॉलेज

13.10.2023

# कोई भी किताबें कर सकता है डोनेट, ले जाने की भी मनाही नहीं

राहुल शर्मा |भोपाल

**दैनिक भास्कर भोपाल**

राजधानी के बाबूलाल गौर कॉलेज (भेल) में 'चुनो और पढ़ो' पहल शुरू की गई है। इसके तहत यहां कोई भी पुरानी किताबें डोनेट कर सकता है। यह किताबें साहित्यिक, धार्मिक, खेल, राजनीति या अन्य विषयों पर आधारित हो सकती हैं। इनमें कोर्स से जुड़ी किताबें भी शामिल हैं। इन किताबों को विद्यार्थियों के साथ ही कोई भी अन्य व्यक्ति भी ले जा सकता है। अब तक कॉलेज को इस तरह की करीब ढाई हजार किताबें मिल चुकी है। इन्हें यहां नोटिस बोर्ड के पास टेबल लगाकर रख दिया गया है। कॉलेज प्रबंधन के मुताबिक बहुत से लोग ऐसे हैं, जिनके पास अनेक किताबों का संग्रह होता है लेकिन उन्हें रखने की समस्या होने लगती है। ऐसे में कई बार किताबों को बेच दिया जाता है। अगर वे चाहें तो कॉलेज को इन्हें दे सकते हैं। यहां से जो भी किताबें ले जाता है, उसका कोई रिकॉर्ड नहीं रखा जाता। किताब ले जाने वाला चाहे तो उसे पढ़ने के बाद लौटा सकता है या अपने पास भी रख सकता है। कॉलेज भी इसे पढ़ने की सुविधा रहेगी।

### 'चुनो और पढ़ो' योजना शुरू की गई

*कॉलेज में कुछ समय पूर्व 'चुनो और पढ़ो' योजना शुरू की गई है। इसके तहत ऐसी किताबें जिन्हें लोग अनुपयोगी समझकर या अन्य कारणों से बेच देते हैं वे उसे यहां डोनेट कर सकते हैं। अब तक साहित्यिक, खेल, राजनीति, धर्म, दर्शन, विज्ञान सहित कई अन्य विषयों से जुड़ी सैकड़ों किताबें मिल चुकी हैं। इससे किताबों का सदुपयोग हो रहा है।*
**-डॉ. संजय जैन,** प्रिंसिपल, बाबूलाल गौर कॉलेज

13.10.2023

**बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य ने की चैकिंग**

# माता-पिता से नहीं कराई बात, ड्रेस ना पहनकर आने वाले विद्यार्थी गेट से घर वापस लौटे

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में प्राचार्य डॉक्टर संजय जैन के साथ प्रोफेसर की टीम ने महाविद्यालय के गेट पर खड़े होकर छात्र-छात्राओं की चेकिंग करते हुए आई कार्ड एवं ड्रेस देखा। बगैर ड्रेस में आए छात्र-छात्राओं को कड़ी चेतावनी देते हुए प्रचार्या ने गेट से लौटा दिया।

छात्र-छात्राओं से प्राचार्य डॉक्टर संजय जैन ने कहा कि आप आई कार्ड और बगैर ड्रेस के कॉलेज न




आए। आपके पास आई कार्ड और ड्रेस नहीं है इस वजह हम आपके कॉलेज में प्रवेश नहीं दे सकते, आप अपने माता-पिता से फोन पर बात करायें। यह सुनते ही छात्राएं वापस लौट गए किसी ने भी अपने माता-पिता से बात नहीं कराई। भेल कॉलेज में अनुशासन एवं पढ़ाई को लेकर डॉक्टर संजय जैन जब से प्राचार्य बने हैं कॉलेज में उनका मकसद है कि अनुशासन के साथ बच्चे पढ़ाई ठीक से करें एवं अन्य गतिविधियों में खेलकूद आदि में बढ़-चढ़कर भाग लें। कॉलेज में छात्र-छात्राओं की चेकिंग के समय महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाबूलाल गौर कॉलेज में प्राचार्य ने छात्रों को सिखाया अनुशासन का पाठ

**कॉलेज के गेट पर प्राचार्य ने चेक किए आईडी कार्ड**

**भेल।** सोमवार को भेल के बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संजय जैन एवं प्रोफेसरों की टीम ने महाविद्यालय के छात्रों के आई कार्ड एवं ड्रेस की चेकिंग की। इस दौरान रंगीन ड्रेस में आए छात्र-छात्राओं को कड़ी चेतावनी देते हुए गेट से लौटा दिया। वहीं छात्र-छात्राओं से प्राचार्य डॉ. जैन ने कहा कि बिना आई कार्ड और बिना ड्रेस में कॉलेज में प्रवेश नहीं दे सकते। इस दौरान उन्होंने कई छात्रों वापस लौटा दिया।



**बाबूलाल गौर महाविद्यालय में प्राचार्य ने की जांच, दी चेतावनी**

# महाविद्यालय में बिना आई कार्ड, ड्रेस के पहुंचे बच्चों को लौटाया



**बरखेड़ा @ पत्रिका.** बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में प्राचार्य डॉ. संजय जैन के साथ प्रोफेसरों की टीम महाविद्यालय के गेट पर खड़े होकर विद्यार्थियों की चैकिंग करते हुए उनके आई कार्ड और ड्रेस को देखा। बिना कार्ड और ड्रेस के आने वाले छात्र-छात्राओं को चेतावनी देते हुए गेट से लौटा दिया। छात्र-छात्राओं से चेतावनी देते हुए प्राचार्य डॉ. जैन ने कहा कि आप बिना आई कार्ड और बिना ड्रेस के कॉलेज पढ़ने या घूमने आए हो। आपके पास आई कार्ड और ड्रेस नहीं है, ऐसे में हम आपको कॉलेज में प्रवेश नहीं दे सकते। इस मौके पर प्राचार्च ने अभिभावकों से बात कराने को कहा। यह सुनते ही कॉलेज में पढ़ने आईं छात्राएं वापस लौट गईं। प्राचार्य डॉ. जैन ने बताया कि उनका मकसद है कि अनुशासन के साथ बच्चे पढ़ाई ठीक से करें और अन्य गतिविधियों जैसे खेलकूद आदि में बढ़-चढ़कर भाग लें यही मेरा प्रयास है। छात्र-छात्राओं की चेकिंग के समय महाविद्यालय के प्रोफेसर और कर्मचारी मौजूद रहे।

17.10.2023

17.10.2023

# पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन






**बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में मतदान जागरूकता पर स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ संजय जैन के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक किया गया** NSS **की बालक इकाई की कार्यक्रम आधिकारी डॉ. समता जैन और बालिका इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता चौहान द्वारा कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया । आयोजन में** 15 **प्रतिभागियों से भी अधिक की सहभागिता रही। निर्णायक दल डॉ. अनुराधा दुबे, डॉ. अर्चना शर्मा एवं प्रो. इलारानी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। जिसमे प्रथम स्थान श्रेया दास बी. एस.सी. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान मेघा अहिरवार बी. कॉम. प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान आकाश चौधरी बी.कॉम. प्रथम वर्ष एवं मुस्कान हरसन बी. कॉम. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक दल डॉ. अंजना अग्रवाल, डॉ. सुषमा जादौन, श्रीमती पूनम वरवड़े द्वारा प्रथम स्थान श्रेया दास बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान प्राची शर्मा बीएससी द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान दीक्षा उपाध्याय बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. अनुपमा यादव, डॉ. गरिमा जाउलकर, प्रो. प्रीति जौहरी, प्रो. चित्रा खरे, प्रो प्रतिभा डहेरिया डॉ. पुष्पा सूर्यवंशी , डॉ. पूजा सिंह कार्यक्रम महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और कार्यक्रम को सफल बनाया और महाविद्यालय परिवार एवं विद्यार्थी मतदान के प्रति जागरूक हुए।**

# फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन




बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में मतदान जागरूकता पर फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ संजय जैन के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक किया गया NSS की बालक इकाई की कार्यक्रम आधिकारी डॉ. समता जैन और बालिका इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता चौहान एवं डॉ. पूजा सिंह द्वारा कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया । आयोजन में 10 प्रतिभागियों से भी अधिक की सहभागिता रही। निर्णायक दल डॉ मीता बादल , श्रीमती सुषमा तिवारी एवं सुश्री आरती पटेल द्वारा किया गया। जिसमें प्रथम स्थान श्रेया दास एवं शान्तनु तिवारी बी. एस.सी. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान मुस्कान हरसन बी. कॉम. तृतीय वर्ष एवं पूजा यादव बी. ए. द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान प्राची शर्मा बी. एस.सी. द्वितीय वर्ष एवं हर्षित चौरसिया बी. एस.सी. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। मतदान करने के उद्देश्यों में, देश के विकास एवं मतदान दिनाँक 17/11/23 को रेखांकित कर फेस पेंटिंग्स बनाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम से महाविद्यालय परिवार एवं विद्यार्थी मतदान के प्रति जागरूक हुए।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रैली























**राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने की शपथ प्राचार्य डा. संजय जैन द्वारा सभी को दिलाई गई इस अवसर पर रैली भी निकाली गई**

## अंग्रेजी विभाग द्वारा Significance of National Unity Day विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई







31.10.2023